Roll No. ....

D–3382

M. A. (Previous) EXAMINATION, 2020

HINDI

Paper First

(हिन्दी साहित्य का इतिहास)

Time : Three Hours] [*Maximum Marks : 100*

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर यथास्थान एवं वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए।

1. हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन की परम्परा पर संक्षेप में प्रकाश डालिए। 15

अथवा

हिन्दी के आदिकालीन साहित्य की पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए उसकी सामान्य प्रवृत्तियों का निरूपण कीजिए।

2. पूर्व मध्ययुगीन हिन्दी साहित्य की सांस्कृतिक चेतना एवं भक्ति आन्दोलन का विवेचन कीजिए। 15

अथवा

भारत में सूफीमत के उदय पर संक्षेप में प्रकाश डालते हुए प्रेमाश्रयी काव्य की विशेषताएँ बताइये।

3. प्रमाणित कीजिये कि रीतिकाव्य सर्वथा अपने युग के अनुरूप काव्य था। 15

अथवा

द्विवेदीयुगीन काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए।

4. हिन्दी कविता की प्रगतिवादी (प्रगतिशील) काव्यधारा के स्वरूप एवं इतिहास का विस्तारपूर्वक परिचय दीजिए। 15

अथवा

आधुनिक कहानी साहित्य का विकासात्मक परिचय दीजिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पर टिप्पणियाँ लिखिए : प्रत्येक 4

(i) रासो काव्य परम्परा

(ii) निर्गुण संत कवि एवं उनका अवदान

(iii) रीतिकालीन गद्य साहित्य

(iv) छायावाद की विशेषताएँ

(v) दरबारी संरक्षित लक्षण ग्रंथों की परम्परा

(vi) रेखाचित्र : उद्भव एवं विकास

(vii) समकालीन कविता

(viii) उर्दू की राष्ट्रीय काव्यधारा

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **बीस** प्रश्नों के अति उत्तर लिखिए : प्रत्येक 1

(i) आदिकालीन प्रमुख **दो** बौद्ध कवियों का नामोल्लेख कीजिए।

(ii) 'चारण काल से पूर्व का काल सिद्धकाल था।' यह किसका कथन है ?

(iii) महाकाव्य 'बीसलदेव रासो' किस भाषा में रचित है ?

(iv) नाथ पंत के जोगी क्या कहलाते थे ?

(v) वीरचरितकाव्य 'पृथ्वीराज रासो' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(vi) 'बीजक' के कितने भाग हैं ?

(vii) 'अष्टछाप' की स्थापना किसने की ?

(viii) संवादों के लिए प्रसिद्ध केशव की प्रमुख कृति का नाम बताइये।

(ix) 'आखरी-कलाम' के रचनाकार कौन हैं ?

(x) नाथ सम्प्रदाय के किन्हीं **दो** प्रसिद्ध कवियों का नामोल्लेख कीजिए।

(xi) 'विद्यापति की पदावली' किस भाषा में रचित है ?

(xii) किसी **एक** प्रसिद्ध रीति ग्रंथकार कवि का नाम लिखिये।

(xiii) प्रसिद्ध उपन्यास 'चंद्रकांता संतति' किसके द्वारा रचित है ?

(xiv) 'सुजान' कौन थी ? किस राजा के दरबार में उसे नर्तकी का स्थान मिला था ?

(xv) भारत में सूफियों का आगमन किस शताब्दी में हुआ ?

(xvi) 'अवारा-मसीहा' के उपन्यासकार कौन हैं ?

(xvii) 'छायावाद' की प्रतिक्रिया में कौन-से वाद विकसित हुए ?

(xviii) 'मधुशाला' काव्य पर किस वाद का प्रभाव है ?

(xix) जयशंकर प्रसाद के किन्हीं **दो** प्रसिद्ध नाटकों का नामोल्लेख कीजिए।

(xx) हिन्दी के किसी **एक** प्रसिद्ध व्यंग्यकार का नाम लिखिए।

(xxi) हिन्दी साहित्य का प्रथम इतिहास लेखन किसके द्वारा किया गया ?

(xxii) किसी **एक** कृष्णभक्त मुस्लिम कवि का नाम बताइये।

(xxiii) 'गजल और कसीदों' में क्या आवश्यक है ?

(xxiv) किसी **एक** प्रसिद्ध हिन्दी आलोचक का नामोल्लेख कीजिए।

(xxv) 'बाणभट्ट की आत्मकथा' किस प्रकार की विधा है ? उसके लेखक का नाम बताइये।